

नेहरू नगर की सड़क गर्मी आते ही हो गई सूनी।

## घरेलू गैस में भी परेशानी बढ़ी, उपभोक्ता गैस बुक ही नहीं कर पा रहे हैं

**200 से अधिक होटल रेस्टोरेंट्स के बंद होने की नौबत**

# 20 हजार से अधिक रसोइए और दूसरे कर्मचारी हो जाएंगे बेरोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एलपीजी सिलेंडर की किल्लत के कारण होटल और रेस्टोरेंट उद्योग बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। कमर्शियल गैस की अनुपलब्धता से रेस्टोरेंट्स का कामकाज ठप हो गया है, जिससे शादी-ब्याह के सीजन में शादियां टलने की नौबत है। शहर में ही 200 से अधिक होटल और रेस्टोरेंट के बंद होने का खतरा और इनसे जुड़े 20 हजार रसोइयों और दूसरे कर्मचारियों के सामने बेरोजगारी का गहरा संकट उत्पन्न हो गया है। घरेलू गैस में भी परेशानी बढ़ रही है। सर्वर डाउन होने के कारण उपभोक्ता गैस बुक नहीं कर पा रहे हैं और न ही उन्हें सिलेंडर मिल पा रहा है। जिले में कई ऐसे उपभोक्ता हैं जो पिछले चार पांच दिनों से गैस एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं। सर्वर डाउन होने का हवाला देकर उन्हें खाली हाथ लौटाया जा रहा है।

होटल एसोसिएशन के मुताबिक इस समय शादी-ब्याह का सीजन है और अगर हालात नहीं सुधरे, तो शादियाँ टालनी पड़ सकती हैं।एसोसिएशन के मुताबिक सरकार ने रेस्तरां और होटलों को एलपीजी सप्लाई बंद कर दी है तो सुरक्षा कारणों से इन जगहों पर स्टॉक रखने की इजाजत नहीं है, इसलिए रोजाना की जरूरत के हिसाब से ही सप्लाई होती थी, अब एकदम से सप्लाई बंद होने से उनके पास एक-दो दिन का भी स्टॉक नहीं बचा है। संघ के अध्यक्ष सन्नी आजमानी ने बताया कि सप्लायर ने भी कह दिया है कि बाहर से ही सप्लाई नहीं है तो क्या करें।



### सर्वर में दिक्कत से समस्या

लोगो का कहना है कि एजेंसी में हर बार मोबाइल पर आए ओटीपी दिखाने के लिए कहा जाता है। पहले मोबाइल से ही गैस बुक हो जाती थी और मिस्ड कॉल करने पर सिलेंडर घर तक पहुंच जाता था, लेकिन अब बुकिंग भी नहीं हो रही है। उपभोक्ता सुरेश कुमार ने बताया कि उनका नंबर आया और ओटीपी व डीएसी नंबर भी मिल गया, लेकिन इसके बाद भी उन्हें सिलेंडर नहीं दिया जा रहा है। उनका कहना है कि कम से कम पर्ची काटकर देनी चाहिए, लेकिन वे भी तीन दिनों से भटक रहे हैं। इधर एजेंसियों का कहना है कि गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है, लेकिन सर्वर में तकनीकी दिक्कत आने के कारण वितरण में समस्या हो रही है। दावा किया जा रहा है कि उम्मीद है कि जल्द ही सर्वर ठीक हो जाएगा और सभी उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिल जाएंगे।

### जोमैटो और स्विगी डिलीवरी पर असर

एलपीजी की सप्लाई बाधित होने का सीधा असर जिले के सैकड़ों गिग वर्कर्स (जैसे जोमैटो और स्विगी के डिलीवरी पार्टनर्स) पर पड़ा है। इनके मुताबिक कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी के कारण देश भर के रेस्टोरेंट्स, ढाबे, क्लाउड किचन और स्ट्रीट वेंडर्स बंद होने की कगार पर हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म्स पर ऑर्डर्स में 50-60% की भारी गिरावट आई है। जो कर्मचारी पहले दिन में 30 डिलीवरी करते थे, वे अब केवल 5 से 10 ही कर पा रहे हैं। कई वर्कर्स पर आईडी डीएक्टिवेट होने का खतरा मंडरा रहा है, जिससे वे कर्ज और बेरोजगारी की ओर जा रहे हैं।

## खाद्य विभाग का ताबड़तोड़ छापा, 126 सिलेंडर जब्त

**सिरगिट्टी स्थित लावारिस गोदाम को सील किया**



गैस की कालाबाजारी पर सिरगिट्टी पहुंची खाद्य विभाग की टीम ने लावारिस गोदाम का ताला तोड़कर भीतर रखे 61 सिलेंडर जब्त करते हुए गोदाम को सील कर दिया गया है। छापामारी की भनक लगने पर गोदाम संचालक पहले ही फरार हो चुका था।

खाद्य विभाग की टीम के द्वारा लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गुरूवार को खाद्य विभाग को सूचना मिली कि सिरगिट्टी बन्नाक चौक के पास सुशील किराना के बाजू में एवं प्रायमरी स्कूल की बाउंड्रीवाल से लगे हुए एक गोदाम में रसोई गैस की कालाबाजारी हो रही है। मौके पर जाने पर टीम को वहां दो दुकानों में तालेबंदी मिली व संचालक नदारद था। ऐसे में टीम के द्वारा पुलिस बुलाकर उपस्थित गवाहों के समक्ष ताला तोड़ने की कार्रवाई की गई। इस दौरान गोदाम के भीतर कुल 61 नग घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडर भंडार करके रखा जाना पाया गया। टीम के द्वारा गोदाम को लावारिस मानते हुए तत्काल प्रभाव से सिलेंडर जब्त करते हुए गोदाम को सील करने की कार्रवाई की गई है।

### जब्त किए गए सिलेंडर

खाद्य विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापामार अभियान चलाया था। इसके अंतर्गत टीम को कोनी निवासी श्रवण साहू से 55 गैस सिलेंडर एवं सिरगिट्टी के प्रीति किचन केयर के संचालक दीपांशु साहू से 10 गैस सिलेंडर की जब्ती की गई है।

## मार्च में झुलसाने लगी गर्मी,पारा पहुंचा 38 डिग्री

**बिलासपुर।** मार्च महीने की शुरुआत में ही गर्मी का असर तेजी से बढ़ रहा है। कई जिलों में तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। सूरज के तेज के आगे लोगों का सामना गर्म हवाओं से हो रहा है। वहीं जिले में तापमान का पारा 38 डिग्री जा पहुंचा है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में इन दिनों अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया है। कई जिलों में गर्मी का असर बढ़ता हुआ महसूस किया जा रहा है, जिससे दिन के समय तेज धूप महसूस हो रही है। एक द्रोणिका बन चुकी है। झारखंड से होते हुए बिहार से उत्तरी छत्तीसगढ़ तक समुद्र तल से करीब 0.9 किलोमीटर ऊपर द्रोणिका बनी है। सिस्टम के प्रभाव से कुछ इलाकों में मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिल सकता है। गुरूवार को गर्मी के आगे लोगों को पस्त होना पड़ रहा है, अब धूप में निकलने से पहले लोगों के द्वारा गमछे और सनग्लास का उपयोग किया जा रहा है, हालांकि यह महज कुछ देर की राहत ही दे पा रही है। कूलर और एसी के बगैर लोगों को राहत मिलते नहीं दिख रही है।


MARK OF EXCELLENCE
मस्तिष्क की गहन जांच, स्टीक इलाज एवं सुरक्षित सर्जरी एक ही स्थान पर
बिलासपुर का पूर्ण न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी सेंटर
सिरदर्द / माइग्रेन • नींद की समस्या
लकवा (स्ट्रोक) • चलने में संतुलन की समस्या
मिर्गी (एपिलेप्सी) • ब्रेन ब्लीडिंग
पार्किन्सन रोग • ब्रेन / स्पाइन की चोट
नसों की कमजोरी • नस दबना
झनझनाहट / सुन्नपन • स्लिप डिस्क
कमर व गर्दन का दर्द • दिमाग में पानी (हाइड्रोसेफेलस)
याददाश्त की कमी • ब्रेन ट्यूमर
दिमाग / नसों का संक्रमण
पूरी तरह सुसज्जित आईसीयू और ऑपरेशन थियेटर उपलब्ध
Dr. Naresh Krishnani, MS, Mch (KGMU Luchnow), Neurosurgeon
Dr. Neelam Sahu Puri, Md, DrNB, Neurologist
MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com
AdPRAYAS



8 March Happy Woman's Day
हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता
CHOUKSEY GROUP OF COLLEGES, BILASPUR (C.G.)
B.TECH, M.TECH, MBA, PHARMACY, LAW, BAMS, DEGREE COURSES
प्रथम पुरस्कार – वाशिंग मशीन
द्वितीय पुरस्कार – इंडक्शन
तृतीय पुरस्कार – मिक्सर ग्राइंडर
चतुर्थ पुरस्कार – इलेक्ट्रीक आयरन
विशेष पुरस्कार 5 – एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. भगवान महावीर जी की माता का क्या नाम था ? ..................
2. भारत की प्रथम महिला सरोद वादक कौन थी ? ..................
3. भारत की प्रथम महिला पायलट कारगिल युद्ध आपरेशन में भाग लिया ? ..................
4. भारत की प्रथम महिला न्यूज रीडर कौन थी ? ..................
5. मेयर बनने वाली प्रथम किन्नर कौन थी ? ..................
6. रेल्वे बोर्ड में पहली महिला सदस्य का नाम ? ..................
7. टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..................
8. भारतीय वायु सेना की प्रथम महिला एयर मार्शल ? ..................
9. दिल्ली मेट्रो ट्रेन की प्रथम महिला आपरेटर ? ..................
10. प्रथम महिला भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल का नाम ? ..................

Learn AI Design Tools this Summer
छुपा है हर घर में हुनर एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Exclusively for Class 5th - 11th
ARENA ANIMATION
Call : 88188 00 890 Link Road, Bilaspur
• Graphics • Web Page Designing • Gaming • Sound - Video Editing • 2D - 3D Animation

New Town Own it!
Off. Add. : 2nd Floor, KRISHNA Sanchhatra Compound, Shiv Talkies Square, Beside Jalaram Food Junction Bilaspur (C.G.)

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2.महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है । 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्ठि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा । 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा । 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा । 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी । 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है ।

विश्व महिला दिवस प्रविष्टि
नाम सुश्री / श्रीमती :- ..................
पिता/पति का नाम :- ..................
स्थाई पता :- ..................
..................
फोन/मो. नं. :- ..................
शैक्षणिक योग्यता :- ..................
फोटो यहां चिपकाएं

punjab national bank ...the name you can BANK upon !
pnb call 1-800-2222 or 1-800-103-2222 Toll Free www.pnbindia.in

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING | MBA | PHARMACY | LAW | COMMERCE, ARTS & SCIENCE | SCHOOL
Campus: Near High Court, Raipur Road, Bilaspur
Mob. : 9522220113, 9516606123



हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी & inh 24x7 बढ़ते भारत की आवाज
ITSA HOSPITALS
Presents
जिला संवाद 2026
मुंगेली
जिला संवाद 2026
छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर
जिले के विकास में कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन
डॉ. हिमांशु द्विवेदी
प्रधान संपादक - हरिभूमि, आईएनएच
15 मार्च 2026, रविवार, समय : दोपहर 03 बजे से
कार्यक्रम स्थल
जन दर्शन कक्ष, कलेक्टोरेट, मुंगेली , जिला - मुंगेली

## खबर संक्षेप

### चाइनीज मांझा बना जानलेवा खतरा प्रशासन ने जारी की सख्त चेतावनी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जनहित में चाइनीज मांझे के उपयोग को लेकर सख्त चेतावनी जारी की गई है। दिखने में पतला और चमकदार यह मांझा तेजी से लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। विशेषकर बच्चों, राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह गंभीर खतरा बन चुका है। हाल के दिनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें बाइक सवारों की गर्दन, हाथ और चेहरे पर गहरी कटने वाली चोटें आईं। पेड़ों पर फंसे मांझे में उलझकर पक्षियों की मौत की घटनाएं भी लगातार सामने आ रही हैं, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चाइनीज मांझे का निर्माण, बिक्री और उपयोग पूरी तरह अवैध है। दोषी पाए जाने पर जुर्माना और जेल दोनों का प्रावधान है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस खतरे को गंभीरता से लें और जागरूकता फैलाएं। बच्चों और आसपास के लोगों को चाइनीज मांझे के खतरों के बारे में जागरूक करें। अवैध मांझा बेचने वालों की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दें। पतंग उड़ाते समय सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल धागे का ही उपयोग करें। सड़क पर चलते समय विशेष सतर्कता बरतें। प्रशासन का कहना है कि एक छोटी सी सावधानी कई जिंदगियां बचा सकती है।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शहर ने जेल में रखा रोजा इफ्तार




**बिलासपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शहर द्वारा केन्द्रीय जेल में मुस्लिम कैदियों के लिए रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मकबूल इकबाल खान के मार्गदर्शन और जिला के पूर्व अध्यक्ष सैय्यद मकबूल अली अल्पसंख्यक मोर्चा के शहर जिला अध्यक्ष मो. हनीफ के नेतृत्व में आज भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की शहर टीम ने केंद्रीय जेल में बंद कैदियों के लिए रोजा इफ्तार कार्यक्रम रखा। रोजा इफ्तार कार्यक्रम के बाद मगरीब की नमाज अता की गई। बिलासपुर शहर अपने राज्य छत्तीसगढ़ और अपने मुल्क के लिए अमन चैन खुशहाली की दुआ मांगी गई। इफ्तार कार्यक्रम में मकबूल अली, मोर्चा जिला अध्यक्ष मो. हनीफ, महामंत्री शानूल खान, शाहिद रज़ा,साजिद एबानी, यूसुफ बरकाती, हफीज भाई, डिंपल सिंह,नवीन मसीह, वसीम खान, वसीम चौधरी, गुलशेर अली, जावेद खान,आजाद खान आदि उपस्थित थे।

### सहायक मत्स्य अधिकारी वर्मा को सेवानिवृति पर साथियों ने दी विदाई



**बिलासपुर।** कार्यालय उपसंचालक मछली पालन विभाग बिलासपुर द्वारा सहायक मत्स्य अधिकारी राजेश वर्मा के अधिवार्षिकी सेवा अवधि पूर्ण होने एवं सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान साल श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया गया। उनके स्वास्थ्य जीवन और लंबी आयु की कामना की गई। साथ कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल को खूब सराहा। इस अवसर पर उनकी पत्नी अंजली वर्मा, भाई देवेश वर्मा, अनिता वर्मा, अनन्या वर्मा भतीजी, अधिकारी- कर्मचारी में सतीश मेनन प्रभारी उपसंचालक मछली पालन बिलासपुर, अलका स्वर्णकार सहायक संचालक मछली पालन जांजगीर चांपा, डीडी रात्रे सहायक मत्स्य अधिकारी, प्रमिला भगत, अश्विनी कर्मकार, बीपी बाजपेई, छेदी सिंह राठौर उपयंत्री, नयन शाह, मधु लहरे आदि मौजूद थे।

### निःशुल्क खुरहा- चपका टीकाकरण महाअभियान 15 से



**बिलासपुर।** जिले में पशुओं को खुरहा- चपका जैसी गंभीर संक्रामक बीमारी से बचाने के लिए जिला प्रशासन एवं पशुधन विकास विभाग द्वारा खुरहा- चपका टीकाकरण महा अभियान चलाया जा रहा है। यह समन टीकाकरण अभियान 15 मार्च से 30 अप्रैल तक जिले भर में चार विकासखण्ड में प्रारंभ्भ किया जाएगा। जिले में कुल 414666 पशुओं में टीकाकरण किया जाना है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन और संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं के सहयोग से चलाया जा रहा इस अभियान का उद्देश्य किसानों और पशुपालकों के पशुओं को खतरनाक संक्रमण से सुरक्षित रखना है। प्रशासन ने सभी पशुपालक भाइयों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को समय पर टीकाकरण कराकर इस बीमारी से बचाव सुनश्चिति करें। संयुक्त संचालक पशुचिकित्सा सेवाएं बिलासपुर डॉ जीएसएस तंवर ने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे 15 मार्च से प्रारम्भ होने वाले एफएमडी राउन्ड 7 टीकाकरण अभियान में सहयोग देवे एवं टीकाकरण करावें। पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों से टीका लगवाएं तथा अपने पशुओं के भारत पशुधन पोर्टल पर पंजीयन करने आधार नं तथा मोबाइल नम्बर का ओटीपी विभागीय कर्मचारियों से साझा करें।

### चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा निजी अस्पतालों का प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को आरसीएच कार्यक्रम, रिपोर्टिंग एवं ट्रैकिंग को सुदृढ़ करने को लेकर 60 निजी चिकित्सालयों के स्टाफ को पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया। निजी अस्पतालों में दी जाने वाली सेवा जिसमे गर्भवती माताओं के त्वरित पंजीयन, उच्च जोखिम पहचान, एनीमिया प्रबंधन , एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव, प्रसव पश्चात देखभाल, शिशु पंजीयन, यूविन के माध्यम से टीकाकरण, एवं परिवार कल्याण की सेवाओं की सम्पूर्ण डाटा प्रबंधन का प्रशिक्षित दिया गया। अस्पताल में आने वाले हितग्राहियों के आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड निर्माण, गैर संचारी रोगों के मरीजों की जानकारी को भी संबंधित पोर्टल में डाटा प्रविष्टी हेतु प्रशिक्षण दिया गया है।

# अनुभव फीडबैक में जो कमियां थाने में हों उसे दूर कराया जाए : आईजी

## रेंज के पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेकर साझा किए फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आईजी बिलासपुर रेंज रामगोपाल गर्ग ने रेंज के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों की 11 मार्च को वर्चुअल बैठक लेकर गत एक माह में अनुभव के तहत प्राप्त फीडबैक के संबंध में चर्चा की।



बैठक में एसएसपी रजनेश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ शशिमोहन सिंह, पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी, पुलिस अधीक्ष जांजगीर विजय पांडे, पुलिस अधीक्षक जीपीएम मनोज खिलाड़ी, पुलिस अधीक्षक सक्ती प्रफुल्ल ठाकुर इस बैठक में शामिल हुए। आईजी श्री गर्ग ने पुलिस अधीक्षकों को रेंज कार्यालय से प्रतिदिन भेजे जा रहे अनुभव फीडबैक के तहत प्राप्त सुझावों और शिकायतों के आधार पर जिले की समीक्षा कर जानकारी ली। जिलों के अधिकांश थानों की रेटिंग 5 के मापदंड पर लगभग 3.5 के औसत पर रहने पर आईजीपी श्री गर्ग ने संतुष्टि जाहिर की, जो थाने इससे नीचे की ग्रेडिंग में हैं, उनमें सुधार के लिए पुलिस अधीक्षकों को बताया गया। श्री गर्ग ने बताया कि अनुभव से प्राप्त फीडबैक को रेंज स्तर पर प्राप्त होने के पश्चात जिलों में भेजा जाता है, जहां पुलिस अधीक्षक उनकी समीक्षा करके, उनके अनुरूप कार्रवाई करते हैं।

श्री गर्ग ने सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि अनुभव में प्राप्त प्रत्येक फीडबैक की समीक्षा करके, जो कमियां थाने में या पुलिस कर्मियों के व्यवहार में परिलक्षित हो रही हैं, उन्हें दूर कराया जाए। जिन थानों से एक ही प्रकार की शिकायतें या सुझाव आ रहें हैं। उन्हें उचित तरीके से परीक्षित करके उचित कार्रवाई कर आवश्यकतानुरूप सुधार किया जाए। जहां सतत अच्छे काम का फीडबैक है, या जिन पुलिस थाने के द्वारा अच्छा काम किया जा रहा है, उन्हें पुरस्कृत करने के लिए भी पुलिस महानिरीक्षक ने निर्देश दिए।

# गलत और अमानक नंबर प्लेट लगाकर चलने वाले वाहन चालकों को डीजल और पेट्रोल नहीं मिलेगा : एसएसपी

## पेट्रोल एवं डीजल पंप मालिकों को दी सख्त हिदायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।



वहीं किसी भी प्रकार के वाहनों के माध्यम से अपराधिक गतिविधियां घटित ना हो इसके लिए सभी सुरक्षात्मक ऐतिहात बरते जा रहे हैं। जिसके तहत नियमित रूप से बीट के माध्यम से जिले के सभी थाना क्षेत्र पर मुस्तैदी के साथ निगरानी एवं नियमित रूप से जिले में विभिन्न क्षेत्रों पर चेकिंग पॉइंट लगाकर सघन चेकिंग की जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर सूक्ष्म निगरानी रखते हुए उनकी तस्दीक की जा रही है। इसी कड़ी में यातायात बिलासपुर पुलिस द्वारा ऐसे समस्त वाहन जिनमे नंबर प्लेट नहीं होना, नंबर प्लेट में छेड़छाड़ करना, अमानक नंबर, नंबर प्लेट में लिखना, आवंटित मॉडल के वाहन में अन्य वाहन के नंबर लिखकर वाहन का संचालित करना आदि ऐसे वाहनों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। ऐसे वाहनों को मोटरयान अधिनियमों के तहत गंभीर कार्रवाई तो की ही जा रही है अपितु अपराधिक प्रकरण पंजीकृत करते हुए ऐसे वाहनों को न्यायालय में नियमानुसार दंडित करने प्रकरण न्यायालय भेजे जा रहे हैं।

इसी कड़ी में जिले के समस्त पेट्रोल-डीजल पंप संचालकों को भी यह अवगत कराया गया है कि ऐसे वाहन चालकों को कदापि पेट्रोल या डीजल प्रदान ना की जाए जिनके नंबर प्लेट में किसी भी प्रकार की विधि के प्रतिकूल गड़बड़ियां की गई है अपितु ऐसे वाहन चालकों की तत्काल जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम दी जाए । संबंधित थाने को सूचित की जाए जिससे ऐसे वाहनों के माध्यम से घटित होने वाले अपराधों पर समय पूर्ण नियंत्रण पाई जा सके।

### प्रदेश में महज एक लैब होने का खामियाजा

# 76 सैंपलों में 47 की रिपोर्ट 6 माह बाद मिली, 24 अभी भी कतार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




इसे विड़बना ही कहिए कि फूड एंड सेफ्टी विभाग द्वारा किए गए जांच की रिपोर्ट 6 माह बाद भी नहीं आ सकी है। विभाग द्वारा अक्टूबर व नवंबर माह में 78 सैंपलों को रायपुर स्थित लैब में भेजा था, जिसमें से 6 सैंपलों में मिलावट पाए गए है। वहीं 24 सैंपलों की जांच अबतक नहीं आ सकी है। खास बात यह है कि इन से47 सैंपलों की जांच रिपोर्ट विभाग को सही मिली है लेकिन सवाल यह है कि 6 माह बाद भी विभाग सैंपलों की जांच रिपोर्ट देने में नाकाम हो रहा है, ऐसे में फूड सेफ्टी का दावा अधूरा साबित हो रहा है।

हर साल खाद्य एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा त्योहारी सीजन में मिठाई की दुकानों, खोआ मंडी, किराना दुकानों में छापा मार कार्रवाई करता है। अधिकारी अपनी ड्यूटी निभाते हुए सैंपल कलेक्शन करते है और इन्हें सीधे रायपुर स्थित लैब में भेज दिया जाता है, लेकिन त्योहार गुजर जाने के कई माह बाद रिपोर्ट अधिकारियों को मिलती है जिसमें से कई सैंपल खाद्य सुरक्षा मानकों पर फेल भी होते है लेकिन तब तक मिठाई और खाद्य पदार्थों की बिक्री हो जाती है और लोगों के घरों तक पहुंचकर बड़े चाव से उसे खा भी लिया जाता है। महीनों बाद आई रिपोर्ट पर दुकानों पर महज जुर्माना लगाया जाता है जिससे फूड सेफ्टी पूरी तरह से अधूरी साबित होती है। अक्टूबर माह में खाद्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा 47 सैंपलों को रायपुर लैब में जांच हेतु भेजा गया था, जिसमें से 47 मानकों में पूरी तरह से सही पाए गए लेकिन इनमें से 6 सैंपल जांच में अमानक मिले, जिसपर अपील के लिए दोबारा सेंट्रल लैब भेजने की प्रक्रिया चल रही है। वहीं 24 सैंपलों में अभी तक जांच रिपोर्ट भी नहीं मिली है, जाहिर है कि इनमें भी अमानक खाद्य पदार्थ मिल सकता है। वहीं हाल ही में होली पर्व के दौरान भी विभाग ने 50 से अधिक दुकानों में छापामार कार्रवाई करते हुए सैंपल लिया है जिसमें रिपोर्ट पेंडिंग है। ऐसे में विभाग के कामकाज पर सवाल उठने लगे है। 24 सैंपलों की जांच अभी तक नहीं होने से कतार में खड़ें लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आखिर उनका इंतजार कब खत्म होगा। यह सोचने वाली बात है। सैंपल जांच करने वाली टीम की धीमी जांच को लेकर लोगों में सवाल उठने लगा है। जांच में देरी होने से लोगों का काम भी काफी पीछे हट गय है। जब तक सैंपल की रिपोर्ट मिलेगी काफी देर हो चुकी होती है।

**1 लैब होने से रिपोर्ट में देरी**

बताया जा रहा है कि राज्य भर में महज 1 लैब है। विभाग द्वारा लिए गए खाद्य सामाग्रियों के सैंपल यहां पहुंचते है। प्रदेश भर से आने वाले सैंपलों के कारण लैब के टैस्टिंग रिपोर्ट में देरी होती है। हालत यह है कि कई रिपोर्ट को मिलने में 8 से 10 माह भी लग रहे है। ऐसे में इन रिपोर्ट की उपयोगिता पर भी संदेह होता है। दरअसल किसी भी रिपोर्ट के लिए निश्चित समय अवधि में सैंपल की जांच होना जरूरी होता है, 6 माह बाद आई रिपोर्ट का औचित्य ही नहीं है। बाजार में बिकने वाले ज्यादातर खाद्य सामाग्री इस अवधि में लोगों के घरों तक पहुंच चुके होते है ऐसे में नियंत्रण महज एक धोखा साबित होता है।

**47 रिपोर्ट अब तक मिली है**

दीपावली पर्व के दौरान महीने भर कार्रवाई की गई थी, जांच के दौरान 76 सैंपल लिए गए थे, जिसमें 6 सैंपलों में अमानक सामाग्री पाई गई,जिसपर आगे की कार्रवाई की जा रही है। 24 अब अभी तक प्राप्त नहीं हो सकी है। होली के दौरान लिए गए सैंपल हाल ही में भेजे गए है, इसकी रिपोर्ट आने में समय लगेगा।

**-आरआर देवांगन**, अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा विभाग

# अयोध्या यात्रा के लिए रामभक्तों ने सीएम को सौंपा आमंत्रण पत्र

## विधायक अमर अग्रवाल के नेतृत्व में दिया गया आमंत्रण पत्र



रायपुर स्थित आवास पर सीएम को निमंत्रण पत्र देते विधायक अमर अग्रवाल, प्रवीण झा व रौशन सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रामनवमी पर अयोध्या धाम के लिए बिलासपुर से निकलने वाली 1008 रामभक्तों की निशुल्क यात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं।

इसी कड़ी में समाजसेवी एवं यात्रा संयोजक प्रवीण झा, नगर विधायक अमर अग्रवाल और भाजपा युवा मोर्चा नेता रौशन सिंह ने रायपुर मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर उन्हें इस पावन यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण सहर्ष स्वीकार करते हुए प्रभु श्रीराम और अयोध्या धाम की महिमा पर अपने विचार भी साझा किए।

रामनवमी के अवसर पर बिलासपुर से अयोध्या धाम के लिए होने वाली रामलला दर्शन यात्रा को लेकर उत्साह चरम पर है। पिछले दिनों सिविल लाइन स्थित पुलिस मैदान में पंजीयन के दौरान कुछ ही घंटों में 1008 सीटें भर जाने से रामभक्तों की गहरी आस्था सामने आई थी। इसी बीच आज यात्रा को लेकर एक अहम पहल हुई। समाजसेवी एवं रामभक्त प्रवीण झा, नगर विधायक अमर अग्रवाल और भाजपा युवा मोर्चा नेता रौशन सिंह ने रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री श्री साय से भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को रामनवमी के अवसर पर आयोजित अयोध्या धाम की इस पावन यात्रा में शामिल होने के लिए औपचारिक आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम भारतीय संस्कृति, आदर्श और मर्यादा के प्रतीक हैं। अयोध्या धाम केवल एक तीर्थ नहीं बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। छत्तीसगढ़ से प्रभु श्री राम का गहरा नाता है।

उन्होंने कहा कि रामलला के दर्शन के लिए इस तरह की यात्राएं समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करती हैं। यात्रा समिति के संयोजक प्रवीण झा ने बताया कि रामनवमी से एक दिन पहले 25 मार्च को बिलासपुर से 1008 रामभक्तों का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना होगा। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में लगातार उत्साह बना हुआ है।

# सुबह की आजादहिंद और दूरंतों देर रात पहुंची बिलासपुर

**बिलासपुर।** भीषण गर्मी में भी ट्रेनों की लेट लतीफी का सिलसिला थम नहीं रहा है। बिलासपुर आने वाली हावड़ा की ट्रेन आजाद हिंद के साथ फ्लैक्सी फेयर यानि सामान्य किराया से चार गुना किराया वसूल करने के बाद भी दूरंतों सुबह के बजाय शाम को पहुंच रही हैं, जिसके कारण यात्री काफी परेशान हो रहे हैं।

रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए यात्री गाड़ियों की समयबद्धता को ठीक करने के लिए बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का कार्य कर रही है। वहीं बिलासपुर-कटनी मार्ग पर अनूपपुर से कटनी तीसरी लाइन परियोजना को 2311.02 करोड़ रुपए की लागत लगाकर 165.52 किमी का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। वर्तमान में अब इस सेक्शन में पेण्ड्रारोड से कटनी तक तीसरी लाइन पूरी हो गई है। पिछले कई वर्षों से लाइन का निर्माण कार्य और स्टेशनों से जोड़ने की वजह से यात्री ट्रेनों को भी रद्द किया गया था। लाइन बनने के बाद भी ट्रेनों के परिचालन में कुछ सुधार नहीं हो पा रहा है। बिलासपुर से पेण्ड्रारोड स्टेशन के बीच में ट्रेनों के आवागमन की समय-सारिणी बिगड़ी हुई है। इन दोनों स्टेशनों के बीच




अभी भी दोहरी लाइन पर गाड़ियां चल रही हैं। जिसमें मालगाड़ियों को चलाने के लिए यात्री ट्रेनों को कहीं भी किसी भी जगह घंटों नियंत्रित करना पड़ रहा है। यही स्थिति हावड़ा से मुम्बई मेन लाइन पर बनी हुई है। बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का काम वर्तमान में किया जा रहा है। वहीं बिलासपुर के बाद रायपुर से गोंदिया के बीच चौथी लाइन निर्माण कार्य शुरु कर दिया गया है। इन लाइनों के निर्माण कार्य के कारण केवल यात्री गाड़ियों को ही रद्द करने के साथ आउटर या कहीं भी छोटे स्टेशनों पर घंटों नियंत्रित किया जा रहा है, जिसके कारण यात्री समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। गुरुवार को भी बिलासपुर पहुंचने वाली संतरागाछी-जबलपुर एक्सप्रेस सुबह 7.05 बजे के बजाय रात 9 बजे यानि 14 घंटे, डोंगरगढ़ से बिलासपुर आने वाली 68706 मेमू शाम 5.45 बजे के बजाय रात 9 बजे यानि 3 घंटे से अधिक, सुबह 9 बजे हावड़ा से बिलासपुर होकर पुणे जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस रात 9.30 बजे के बाद, आरा से बिलासपुर होकर दुर्ग जाने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस 5.30 बजे के बजाय रात 10.30 बजे के बाद, दोपहर 2.15 बजे आने वाली पुरी-योगनगरी रिषीकेश उत्कल एक्सप्रेस रात 11 बजे के बाद के अलावा दूरंतों को बिलासपुर स्टेशन पहुंचने में 14 घंटे से अधिक का समय लग गया।

### सोशल मीडिया में आडियो वायरल होने के बाद खुली विभाग की नींद

# ट्रांसफार्मर लगाने के नाम पर 60 हजार की वसूली, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



■ अधिकारी मामले को दबाने में लगे

गनियारी वितरण केन्द्र के अंतर्गत नरोत्तिकांपा में ट्रांसफार्मर लगाने के लिए लाइनमेन द्वारा 60 हजार रूपए लेने का आडियो वायरल हो चुका है। इसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। आनन-फानन में विभाग के अधिकारियों ने मामले को दबाने का प्रयास भी किया लेकिन मीडिया को खबर लगते ही अधिकारियों द्वारा जांच की बात कही जा रही है।

मामला सकरी उप संभाग के गनियारी वितरण केन्द्र के नरोत्तिकांपा गांव का है। गर्मी के धान के लिए पानी की जरूरत होने पर ग्रामीणों ने वितरण केन्द्र में ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। जेई और लाइनमेन ने इसके लिए ग्रामीणों से 60 हजार रूपए की मांग करते हुए रूपए ले लिया है। इसके बाद विभाग द्वारा दिए गए 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगा दिया गया, लेकिन लोड अधिक होने के बाद ग्रामीणों ने इसकी क्षमता बढ़ाने के लिए दबाव बनाया, जिसपर लाइनमेन प्रवीण साहू ने बिना स्वीकृति के ही 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगा दिया।

मामले में आडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया, जिसके बाद विभाग के अधिकारियों के कान खड़े हो गए है और अब मामले की जांच करने के लिए 3 सदस्यीय टीम बनाई गई है, जिसमें एई माधूरी पटेल व दो बाबूओं को रखा गया है। टीम द्वारा हफ्ते भर में रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

**एई पर लग चुके है आरोप**

खास बात यह है कि बिजली विभाग के सकरी जोन कार्यालय में पदस्थ एई प्रमोद चौब पर पहले भी अवैध वसूली के आरोप लग चुके है। बताया जा रहा है कि आरडीएसएस योजना के अंतर्गत हुए घोटाले में उन्हें निलंबित होना पड़ा था। हाल ही में उन्हें बहाल करते हुए सकरी में पदस्थापना दी गई है। उनके आते ही रायपुर से पहुंची विजिलेंस की टीम ने 48 लाख रूपए की बिजली चोरी भी पकड़ी है। विभाग के आला अधिकारी लगातार एई पर कृपादृष्टि बनाए हुए है जिसके चलते उन पर कार्रवाई नहीं हो सकी है, जबकि ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई की जाती है।

**दोषी पाने पर होगी कार्रवाई**

लाइनमेन पर विभाग के द्वारा जांच बैठाई गई है, जांच में रिपोर्ट सामने आने और दोषी पाने पर कार्रवाई की जाएगी।

**-अनुपम सरकार**, ईई, ग्रामीण सर्किल

# एलसीआईटी के सम्मेलन में 143 शोधपत्र चयनित




**एजुकेशन प्लस**

**बिलासपुर।** लखमीचंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बिलासपुर के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 10-11 मार्च को अंतर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देश-विदेश के शोधकर्ताओं एवं शिक्षाविदों ने भाग लेकर अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। सम्मेलन का आयोजन छग सोसाइटी फॉर इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के सहयोग से किया गया।

सम्मेलन में 8 देशों से प्राप्त कुल 143 शोधपत्र चयनित किए गए। इनमें कनाडा, फ्रांस, स्कॉटलैंड और साउथ कोरिया सहित विभिन्न देशों के शोधकर्ताओं की सहभागिता रही। चयनित शोधपत्रों में से उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 14 शोधपत्रों को बेस्ट पेपर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट वक्ता डॉ. एच. एस. होता, डॉ. दिलीप सिंह सिसोदिया, कार्तिक कम्भमपाटी, डॉ. रोहित राजा तथा डॉ. जे. पी. पात्रा ने अपने व्याख्यानों के माध्यम से शोध, तकनीकी विकास तथा उद्योग-शिक्षा सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्थान के चेयरमैन प्रमोद जैन ने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन विद्यार्थियों एवं शोधकर्ताओं को वैश्विक स्तर पर अपने विचार प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। वाइस चेयरमैन अंकित जैन ने कहा कि एलसीआईटी शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा भविष्य में भी ऐसे अकादमिक आयोजनों का विस्तार किया जाएगा।

संस्थान के सेक्रेटरी उपकार राय,वाइस प्रिंसिपल शुभि श्रीवास्तव , विष्णुकांत सोनी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। आयोजन में समन्वयक प्रोफेसर अमित अवस्थी एवं प्रोफेसर नीतेश नेमा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर प्रियंका शुक्ला, प्रियंका रजक, अन्वेष पांडे, वैभव अवस्थी एवं अंकिता क्षत्रिय का विशेष योगदान रहा।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026

Email id - haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




**वैंकेसी**

## अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 1 अप्रैल तक



**कलेक्टर ने की युवाओं से आवेदन करने की अपील**

**बिलासपुर।** भारतीय थल सेना में भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र युवाओं से 1 अप्रैल 2026 तक ऑनलाईन आवेदन मंगाये गये है। पुरूष अभ्यर्थी जनरल, तकनीकी, लिपिक, स्टोरकीपर, टेडमैन एवं महिला अभ्यर्थी सेना पुलिस तथा स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के लिए आवेदन कर सकते हैं। आयु सीमा 17.5 से 22 वर्ष एवं आवेदन शुल्क 250 रूपए निर्धारित किया गया है। आवेदन वेबसाईट पर जाकर किये जा सकते है। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेस एग्जाम (सीईई) 1 जून से 10 जून 2026 तक होने की संभावना है। विस्तृत जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय नवा रायपुर के टेलीफोन नंबर एवं जिला रोजगार कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है। कलेक्टर ने जिले के युवाओं से अग्निवीर भर्ती में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

**आयोजन**

## प्राथमिक शाला धौराभाटा में दान दाताओ का सम्मान



**बिलासपुर।** बिल्हा विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक शाला में विद्यालय के विकास में सहयोग देने वाले दान दातावों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय को विभिन्न सामग्री उपलब्ध कराने वालों में दिनेश साहू,गौरव अग्रवाल बिल्हा, द्वारा 200 बच्चों को एग्जाम पेड,कापी ,स्टेशनरी किट उपलब्ध कराया है। शिव यादव पूर्व सरपंच धौराभाटा द्वारा विद्यालय को 6 नग सिलिंग फेन दिया गया। योगेश पांडेय शिक्षक विकासखंड बिल्हा ने प्रोजेक्टर भेट किया.सभी दान दातावों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल द्वारा सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संचालक और प्रधान पाठक प्रतिभा अवस्थी द्वारा विद्यालय जुटाए गए संसाधनों के बारे में आई चुनौतियों से अवगत कराया तथा विद्यालयीन आवश्यकता की पूर्ति के लिए सीईओं को मांग पत्र दिया।

**कार्यक्रम**

## वसुंधरा क्लब के महिला स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने उठाया लाभ



बिलासपुर। लायंस क्लब वसुंधरा ने महिला स्वास्थ्य सेमिनार का आयोजन किया जिसमें डॉक्टर रश्मि बुधिया, एवं डॉक्टर अपर्णा मिश्रा आयुर्वेदिक संस्थान पोंसरा से आमंत्रित किया गया, क्लब अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन सुधा परिहार के द्वारा डॉ रश्मि बुधिया का एवं डॉक्टर अपर्णा मिश्रा का हंसा सेलारका और रत्ना खरे के द्वारा पुष्प गुच्छ एवं शॉल और उपहार देकर सम्मान किया गया। सचिव अर्चना तिवारी एवं प्रथम वाइस प्रेसिडेंट मंगला देवरस जने महिलाओं का अभिवादन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉक्टर रश्मि बुधिया ने महिलाओं के युवा अवस्था से लेकर मां बनने तक के सफर को एवं स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को सभी महिलाओं को अवगत कराया अपने परिवार में शेयर कर सके और अपना ध्यान बेहतर ढंग से रख सके इसके अलावा यूट्रस कैंसर के बारे में भी जानकारी दी गई।

**भ्रमण**

## युवाओं की टीम ने माउंटेन हिल पर लहराया तिरंगा



**बिलासपुर।** ईरान-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और खाड़ी देशों में चल रही उथल-पुथल के बावजूद छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन की टीम ने अलमाटी की माउंटेन हिल पर तिरंगा लहराया। वहां 'भारत माता की जय' और 'छत्तीसगढ़ महतारी की जय घोष' के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। टीम ने अलमाटी सिटी और उसके आसपास की अद्भुत प्राकृतिक वादियों, बर्फबारी और पहाड़ों की अनुपम सुंदरता का आनंद लिया। यह यात्रा साहस, गर्व और अविस्मरणीय अनुभवों से भरी रही। अल्माटी यात्रा टीम में इन्दरजीत सिंह, मालकित सिंह, अरुण तुलस्यान, मनोज गुप्ता, सुशील अग्रवाल, बावा सुखमोहन सिंह, सुब्रत डे, सत्य नारायण सिंह, आशीष अग्रवाल, पुरुषोत्तम भिते, मनदीप सिंह झाज, शिव शंकर पाढ़ी, अनिल कुमार चौधरी, बलजिन्दर सिंह, जतिन्दर सिंह शामिल रहे।

# मारवाड़ी समाज की महिलाएं कर रहीं गणगौर पूजा

**होली के बाद से शुरू हुई है यह पूजा, चलेगी 21 तक**



मारवाड़ी समाज की महिलाओं द्वारा होली के बाद से गणगौर पूजा की जा रही है। गणगौर व्रत चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 21 मार्च को रखा जाएगा। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु की कामना करते हुए व्रत रखेंगी। साथ ही भगवान शिव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा करेंगी।



### पति की लंबी आयु के लिए रखेंगी व्रत

मान्यता है कि सुहागिन महिलाएं अपनी पति की लंबी आयु के लिए यह व्रत विधि-विधान से करेंगी। इस दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर भगवान शिव व माता पार्वती से खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना करेंगी।

बिलासपुर। गणगौर दो शब्दों से मिलकर गण यानी भगवान शिव और गौर यानी माता पार्वती बना है। इस तिथि को गौरी तृतीया के नाम से भी जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि गणगौर व्रत के दिन मां पार्वती और शिवजी की आराधना करने से दांपत्य जीवन मधुर बना रहता है और जीवन में सुख-शांति आती है। पंचांग के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि का आरंभ 20 मार्च शुक्रवार के दिन मध्य रात्रि में 2 बजकर 31 मिनट से होगा। इसका समापन 21 मार्च शनिवार को रात में 11 बजकर 57 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार 21 मार्च के दिन ही गणगौर का व्रत करना शास्त्र सम्मत रहेगा।

### पहले गणगौर को लेकर मन में है खुशी

राजकिशोर नगर की दीक्षा सराफ की यह पहली गणगौर पूजा है। वे बताती हैं कि उसके मायके में गणगौर पूजा नहीं होती है पर इस पूजा के बारे में सुना था। जेठानी ने बताया उनके यहां भी गणगौर पूजा नहीं होती है। उन्होंने भी ससुराल में ही पहली गणगौर पूजा की थी। वह भी ससुराल में ही यह पूजा कर रही है पर इस पूजा को करने से बहुत अच्छा लग रहा है। हर दिन सज-संवर कर गणगौर माता को पानी पिलाने दूर-दूर से जेठानी के साथ जाकर पानी लाते हैं। सुबह पूजा कर शाम को पानी पिलाने के बाद गणगौर का गीत गा रहे हैं। इस पूजा में सासु मां सपना सराफ का पूरा सहयोग रहता है। पूजा व तैयारी की व्यवस्था रात में ही कर लेते हैं। इससे पूजा विधि-विधान से करने में सुविधा होती है।



## मीन राशि में प्रवेश करते ही शुरू होगा खरमास कल से शादियों पर एक माह का विराम

मीन संक्रांति के साथ 14 मार्च से खरमास लग रहा है, जो 14 अप्रैल तक चलेगा। इस एक माह की अवधि में विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण, मुंडन, यज्ञोपवीत जैसे सभी मांगलिक और शुभकार्यों पर विराम लग जाएगा।



**बिलासपुर।** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दौरान भगवान विष्णु की पूजा-पाठ, दान-पुण्य और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व माना जाता है। पंडित संतोष मिश्रा ने बताया कि 14 मार्च को दोपहर 12 बजकर 57 मिनट पर सूर्य कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के मीन राशि में प्रवेश करते ही मीन संक्रांति के साथ खरमास शुरू होगा। इसके बाद 14 अप्रैल को दोपहर करीब 2 बजकर 35 मिनट पर सूर्य मेष राशि में प्रवेश करेंगे, जिसके साथ ही खरमास समाप्त हो जाएगा और मांगलिक कार्यों के लिए शुभमुहूर्त फिर से शुरू हो जाएंगे। वैदिक ज्योतिष के अनुसार विवाह जैसे मांगलिक कार्यों के लिए सूर्य, गुरु और शुक्र का शुभ स्थिति में होना आवश्यक माना जाता है। इनमें से किसी एक के भी कमजोर होने पर शुभ मुहूर्त नहीं बनता, इसलिए इस अवधि में मांगलिक कार्यों को टाल दिया जाता है।

### 15 मई से 17 जून तक रहेगा मलमास

पंडित ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जब सूर्य धनु या मीन राशि में प्रवेश करते हैं तो उस अवधि को खरमास कहा जाता है। इस समय सूर्य की ऊर्जा और प्रभाव अपेक्षाकृत मंद माने जाते हैं। पंडितों का कहना है कि इस वर्ष अधिक मास का भी संयोग बन रहा है। ज्येष्ठ मास इस बार दो माह तक रहेगा, जिसके कारण 15 मई से 17 जून तक मलमास रहेगा। इस अवधि में भी शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्य नहीं होंगे। इसके बाद 25 जुलाई से 20 नवंबर तक चातुर्मास का समय रहेगा। इस समय भगवान विष्णु योग निद्रा में रहते हैं। इस दौरान भी मांगलिक कार्यों पर विराम रहता है।

### विवाह के लिए शुभ लग्न

पंडितों का कहना है कि धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक विवाह के शुभ मुहूर्त के लिए वृष, मिथुन, कन्या, तुला, धनु और मीन लग्न को शुभ माना जाता है। वहीं अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, मघा, चित्रा, स्वाति, हस्त, अनुराधा और उत्तरा फाल्गुन जैसे नक्षत्रों में विवाह संस्कार के लिए अनुकूल योग बनते हैं।

### पूजा-पाठ और दान का विशेष महत्व

पंडित रामनारायण आचार्य ने बताया कि धार्मिक दृष्टि से खरमास का समय अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दौरान भगवान विष्णु की पूजा, मंत्र जाप, यज्ञ, दान और तीर्थ स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इस अवधि में किए गए दान-पुण्य और धार्मिक कार्यों से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

## कविता पाठ कर संगीत, नृत्य की दी गई प्रस्तुति




**बिलासपुर।** निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन की बिलासपुर शाखा के तत्वावधान में हेमूनगर स्थित रामकृष्ण मंदिर के सभा भवन में 'बसंत उत्सव' हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर कविता पाठ कर संगीत, नृत्य की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। ततपश्चात सम्मेलन संगीत 'मोदेर गरब मोदेर आशा' कोरस के रूप में प्रस्तुत किया गया। शाखा अध्यक्ष अजय गांगुली ने अपने स्वागत भाषण में कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस संगीतमयी शाम में निहार रंजन मल्लिक, श्रावणी दत्त, प्रबाल मुखर्जी, सौरभ चक्रवर्ती, अर्पण बैरागी, मौसमी चक्रवर्ती, डॉ चंदना मित्रा और सुजीत मित्रा ने एकल गीत प्रस्तुत किया। तबले पर संगति जय डे ने की। गोपा दास गुप्त एवं राजा दास गुप्त ने युगल कविता पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रूपा राहा, अशोक कुंडू और डॉ सोमा लाहिरी मल्लिक ने भावपूर्ण कविताएं प्रस्तुत की। असित बरन दास ने बसंत ऋतु पर आधारित लेख पढ़े। मुनमुन शी ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। मौसमी चक्रवर्ती के निर्देशन में रेखा दास, रीना चक्रवर्ती और शस्तिका विश्वास द्वारा प्रस्तुत समूह गान आकर्षण का केंद्र रहा। कोरस गायन में रूपा राहा, रेबा चौधरी, उमा दास, असित एवं अन्य सदस्यों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर श्रुति दत्त, गोपा बागची, भक्तिमय चौधरी, अरूप बैरागी, पियाली सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन सचिव डॉ सोमा व उपसचिव श्रावणी दत्त एवं धन्यवाद ज्ञापन शुभाशीष बसाक ने किया।

**निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन ने मनाया बसंत उत्सव**

### ठाकुरता के साहित्यिक योगदान पर चर्चा

स्वर्ण युग के प्रसिद्ध गीतकार बाबू गुह ठाकुरता को 'रामजीवन मुखोपाध्याय सम्मान' से सम्मानित किया गया। उन्हें संस्था की ओर से स्मृति चिह्न, उत्तरीय, पुष्पगुच्छ एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। डॉ सुदीप्त दत्त, डॉ सोमा और सुजीत मित्रा ने श्री ठाकुरता के गीतों और उनके साहित्यिक योगदान पर चर्चा की। डॉ सुदीप्त दत्त ने संगीत और कविताओं के साथ की-बोर्ड वादन कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

## कोल इंडिया अंतर-कंपनी शतरंज प्रतियोगिता शुरू

# शतरंज पट पर हर निर्णय लेना होता है सोच-समझकर : दास

**स्पोर्ट्स न्यूज**

एसईसीएल वसंत विहार टाउनशिप स्थित वसंत क्लब में साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड की मेजबानी में कोल इंडिया अंतर-कंपनी शतरंज प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य शुभारंभ हुआ। उदघाटन अवसर पर मुख्य अतिथि एसईसीएल के निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास ने कहा कि 64 खानों वाले शतरंज पट पर हर निर्णय सोच-समझकर लेना होता है।






**बिलासपुर।** 12 से 14 मार्च तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में कोल इंडिया की सभी आठ अनुषंगी कंपनियों के साथ ही सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के प्रतिभागी भी भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि बिरंची दास ने सभी खिलाड़ियों एवं उपस्थित लोगों को खेल भावना की शपथ दिलाई एवं खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं है, बल्कि यह रणनीति, धैर्य, योजना और निर्णय लेने की क्षमता का उत्कृष्ट संगम है। यही गुण हमें अपने व्यावसायिक जीवन और दैनिक कार्यों में भी बेहतर बनने के लिए प्रेरित करता है। अतिथियों ने विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। स्वागत भाषण जी. श्यामला राव महाप्रबंधक कल्याण ने दिया। मंच संचालन शेख ज़ाकिर हुसैन मुख्य प्रबंधक पर्यावरण एवं धन्यवाद ज्ञापन विवेक कुमार सिंह वरिष्ठ प्रबंधक कल्याण ने किया।

### गीत, नृत्य की प्रस्तुति

कार्यक्रम में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ के पारंपरिक कर्मा एवं ओडिसी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर श्रमसंघ प्रतिनिधियों में एसईसीएल कल्याण मंडल के सदस्य बजरंगी शाही, मुख्यालय के विभिन्न विभागाध्यक्ष, एसईसीएल मुख्यालय कल्याण मंडल समिति, संयुक्त परामर्श समिति के सदस्य, क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य, विभिन्न परिषदों एवं संघों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आज भाजपा अजा मोर्चा करेगा ममता का पुतला दहन

**बोदरी।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने 13 मार्च को दोपहर 12 बजे पुराना बस स्टैंड में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया जाएगा। प्रदर्शन की अगुआई जिलाध्यक्ष दीपक सिंह करेंगे। ज्ञात हो कि, राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मू, जो एक आदिवासी समाज की महिला हैं, उनके बंगाल दौरे के दौरान उनका अपमान किया गया। इसी मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल होंगे। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के शहर जिलाध्यक्ष श्याम सिंह ध्रुव, महामंत्री सचिन कायरवार जिला, जिला महामंत्री कमल मरावी ने बड़ी संख्या में समाज के बंधुओं से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

### कमलेश बने झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

**लोरमी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-



झोपडी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक, सहसंयोजक की घोषणा की गई। मुंगेली जिला झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ संयोजक के लिए लोरमी निवासी कमलेश श्रीवास की नियुक्ति की गई है, वहीं सुनील सोनी, गोपाल डड़सेना को सहसंयोजक बनाया गया। अपनी नियुक्ति पर कमलेश श्रीवास ने डिप्टी सीएम अरुण साव व केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू व भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सुनील बने भाजपा झुग्गी झोपड़ी के सह संयोजक

**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं पूर्वमंत्री व विधायक पुन्नूलाल मोहले के



मार्गदर्शन में जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी की अनुशंसा पर प्रदेश भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह ने मुंगेली जिला भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के सह संयोजक का महत्वपूर्ण दायित्व वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील सोनी को सौंपा है। सुनील सोनी ने जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं गिरीश शुक्ला, शैलेश पाठक, सुनील पाठक, कोटूमल दादवानी तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार जताया है।

### श्रद्धालुओं को सुनाई गई श्रीराम विवाहोत्सव की कथा

**तखतपुर।** नगर के श्रीराम सदन मानस मंच प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा में छतरपुर से आईं रजनी देवी



मानसमणी श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम की पावन कथा का श्रवण करा रही हैं। इसी क्रम में श्रीराम विवाह की कथा सुनाई गई एवं मिथिला नरेश राजा जनक द्वारा आयोजित स्वयंवर में भगवान राम द्वारा शिव धनुष को तोड़कर माता सीता से विवाह करने की पावन कथा का वर्णन किया गया। कथा में श्रीराम सहित उनके तीन अन्य भाई लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के विवाह का भी वर्णन किया गय। कथा श्रवण करने आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं एवं पुण्यलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

### पड़रिया में विकसित भारत जीरामजी के तहत कार्यक्रम



**तखतपुर।** तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़रिया में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की ओर से 'विकसित भारत जी राम जी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिला कार्यसमिति सदस्य दिलीप तोलानी ने कहा कि, केंद्र सरकार की योजनाओं से किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विश्वनाथ यादव, जिला कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा मयंक पांडे सहित सोनू राम यादव, दुर्गेश मरावी सरपंच पड़रिया, हेमचंद पाली, मंतोष पाल, सुनील पटेल, संजय टंडन, मनोज दुबे, रूपेश पटेल, राजेश पटेल, रामगोपाल पाल, परससुख पाली, अजय पटेल, देवा साहू, रामकुमार पाल, मगध राम पाल, बलराम पटेल एवं गजानंद पांडे उपस्थित रहे। 2023 से एम्बुलेंस का काम छूटने के बाद वे पीएससी की तैयारी में लग गए एवं सातवें रैंक के साथ सफलता दर्ज की। ग्राम दाऊकांपा के मेधावी बलराम साहू का चयन छठवें स्थान के लिए हुआ है। तीनो चयनित अभ्यर्थियों ग्रामीण अंचल से आते है, जिनकी उपलब्धि उनके माता-पिता के साथ पूरे क्षेत्र और समाज के लिए भी प्रेरणादायक है।

### आज किसानों के खाते में डाली जाएगी सम्मान निधि की राशि

**मुंगेली।** केंद्र सरकार द्वारा देश के किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपयए की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में प्रदान की जाती है। योजना के तहत 22वीं किस्त की राशि 13 मार्च को किसानों के खातों में हस्तांतरित की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा असम के गुवाहाटी में आयोजित किसान सम्मेलन के माध्यम से 13 मार्च को देशभर के किसानों के खातों में 22वीं किस्त की राशि जारी करेंगे।

## कलेक्टर व एसपी ने ली अधिकारियों की बैठक

# मादक पदार्थों की अवैध खेती, होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में जिले में कानून-व्यवस्था के संबंध में बैठक ली। बैठक में जिले की वर्तमान कानून-व्यवस्था की स्थिति, समन्वय तथा विभिन्न प्रकरणों के निराकरण को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान पीएम राहत योजना से संबंधित वीडियो का अवलोकन किया गया तथा अधिकारियों को योजना और उससे जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने कहा कि, जिले में होने वाले सभी दुर्घटना के मामलों का पीएम राहत योजना के अंतर्गत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि हिट एंड रन तथा पीएम राहत से संबंधित प्रकरणों में गंभीरता से कार्य करते हुए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने पर खाद्य एवं औषधि विभाग के सहायक संचालक तथा नगर पालिका मुंगेली के सीएमओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में अचानकमार टाइगर रिजर्व के उप संचालक यूआरगणेश, जिला वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, अपर कलेक्टर जीएल यादव सहित मुंगेली, लोरमी और पथरिया के सभी एसडीएम तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

> ■ अलग-अलग विभागों के कार्यों की समीक्षा, दिए गए निर्देश



कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक लेते अधिकारीगण।

### खाद्य एवं औषधि विभाग को निर्देश

कलेक्टर ने खाद्य एवं औषधि विभाग के सहायक संचालक को निर्देशित किया कि, जिले के सभी मेडिकल स्टोर्स की नियमित रूप से जांच की जाए तथा नारकोटिक्स श्रेणी की दवाइयों के अवैध विक्रय पर कड़ी निगरानी रखते हुए रोकथाम की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आबकारी विभाग से पूछा कि, निर्धारित राजस्व प्राप्त करने में विभाग को क्या समस्याएं आ रही हैं। उन्होंने आबकारी एवं पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि, अवैध रूप से शराब बेचने वाले लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, जिससे निर्धारित राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति में कोई कमी न हो। साथ ही जिले में कहीं भी कच्ची शराब बनाए जाने पर आबकारी, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर जांच एवं आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि, जिले में स्थित बोर एवं कुओं की जानकारी एकत्रित कर उन्हें सुरक्षित रूप से कवर कराया जाए, ताकि किसी की भी जान-माल को खतरा न हो।

### अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देशित किया कि, वे संयुक्त रूप से समन्वय बनाकर पीएम राहत एवं हिट एंड रन के मामलों का बेहतर ढंग से निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही इस बात का विशेष ध्यान रखने को कहा गया कि, कोई भी अपात्र व्यक्ति इस योजना का लाभ न ले सके।

### स्वास्थ्य विभाग को दिए आवश्यक निर्देश

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि, सभी शासकीय एवं पात्र निजी अस्पतालों के बाहर पीएम राहत योजना से संबंधित पोस्टर एवं हेल्पलाइन नंबर चस्पा किए जाएं। साथ ही जिला अस्पताल में पीएम राहत योजना से संबंधित सहायता प्रदान करने के लिए एक हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिले में अफीम व अन्य मादक पदार्थों की अवैध खेती तथा पेड़ों की कटाई के संबंध में चर्चा कर कृषि, उद्यानिकी, राजस्व, खाद्य एवं औषधि विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर जांच करने और अवैध खेती पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही वनांचल क्षेत्रें में वन विभाग की टीम द्वारा भी नियमित जांच सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि गैस, पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति में कमी के कारण यदि कहीं कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होती है, तो वहां राजस्व एवं पुलिस विभाग संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। साथ ही संबंधित एजेंसियों में उपलब्ध स्टॉक की जानकारी राजस्व अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से ली जाएगी, ताकि जिले में आमजन के बीच किसी प्रकार की अप्रिय घटना की स्थिति उत्पन्न न हो।

## अफीम की खेती का मामला: कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घेरा भाजपा कार्यालय



**मुंगेली।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 12 मार्च को अफीम की खेती के मामले में भाजपा कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या मे कांग्रेसी कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय के सामने एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी मौके पर तैनात रहा और स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण बनी रही। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों से आम जनता परेशान है। अफीम की खेती का मामला सामने आना बेहद गंभीर है, जिसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान प्रेम चंद जायसी ने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। इस मौके पर संजीत बनर्जी ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता जनता की आवाज बुलंद करते रहेंगे। इस अवसर पर घनश्याम वर्मा, प्रेम चंद जायसी, आलोक सिंह, संजीत बनर्जी, थानेश्वर साहू, दिलीप बंजारा, रोहित शुक्ला, श्याम जायसवाल, दीपक गुप्ता, लल्ला सिंह, दिलीप बंजारा, लक्ष्मी कांत भास्कर, संजय यादव, अभिलाष सिंह, एजाज खोखर, असद खोखर, मुकेश मिरी, जित्तू श्रीवास्तव, जलेश यादव, जय सोनी, राजेंद्र यादव, कृष्णा सोनी, रणजीत सिंह, तारनी विश्वकर्मा, राम स्वरूप रामजी, जाकिर हुसैन, भरत पठारी, भूपेंद्र साहू, हेमंत दास मानिकपुरी, संजय चंदेल, मकबूल खान, याकूब अली, राजकुमार, सतीश यादव, मकराल यादव, संजय भंडारी, अखिल टोंडर, यशवंत, धीरज गोस्वामी, नागेंद्र गोस्वामी, तारण टंडन, साहिल, संजय चंदेल, जलेश यादव, विद्यानन्द चंद्राकर, उर्मिला यादव, जागेश्वरी वर्मा, मंजू शर्मा, ललिता सोनी, हेमिन मंगेशकर आदि मौजूद थे।

## कांग्रेसियों ने जमकर की नारेबाजी



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ में अफीम की कथित खेती को लेकर सियासत तेज हो गई है। दुर्ग जिले के समोदा गांव में करीब साढ़े 9 एकड़ जमीन पर अफीम की खेती का मामला सामने आने के बाद कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में गुरुवार को राजनीतिक माहौल उस वक्त गरमा गया, जब बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पतेराटोला स्थित भाजपा कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि, राज्य में मादक पदार्थों का अवैध कारोबार सरकारी संरक्षण में फल-फूल रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ की पहचान अब 'अफीम गढ़' के रूप में होने लगी है। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए भाजपा कार्यालय तक रैली निकाली। हालांकि पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर बैरिकेड लगाकर प्रदर्शनकारियों को भाजपा कार्यालय तक पहुंचने से पहले ही रोक लिया। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने वहीं जमकर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने गौरेला तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष गजमती भानु के साथ मरवाही के पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव, कोटा विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी, अर्चना पोर्ते, शंकर कंवर, गुलाब राज, अमोल पाठक, श्रीकांत मिश्रा और मीडिया प्रभारी पवन केसरवानी सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का शुभारंभ

**पेंड्रा।** पेंड्रा में गुरुवार को मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना का उद्देश्य बकाया बिजली बिलों के कारण कनेक्शन कटे हुए गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत प्रदान करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष राकेश जालान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे, जबकि अध्यक्षता नगरपालिका उपाध्यक्ष शरद गुप्ता ने की। इस दौरान विद्युत विभाग की ओर से जेई प्रतिमा पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राकेश जालान ने कहा कि, यह योजना गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। उन्होंने बताया कि, जिन परिवारों के बिजली कनेक्शन पुराने बकाया बिलों के कारण काट दिए गए थे, उन्हें इस योजना से लाभ मिलेगा और उनके घरों में बिजली फिर से चालू की जा सकेगी। जालान ने यह भी कहा कि, राज्य सरकार का लक्ष्य आम जनता को राहत पहुंचाना और हर घर तक बिजली की सुविधा सुनिश्चित करना है। इस मौके पर पेंड्रा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने कार्यक्रम में योजना के बारे में जानकारी ली और सरकार की इस पहल का स्वागत किया।

> ■ गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बड़ी राहत: जालान

## प्रधान पाठकों को दिया गया प्रशिक्षण



**लोरमी।** जिला कलेक्टर कुंदन कुमार के कुशल निर्देशन में एलपी डाहिरे जिला शिक्षा अधिकारी, मनीषा पाटले विकासखंड शिक्षा अधिकारी, राजेंद्र निर्मलकार सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में समस्त शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठकों को अरुण जायसवाल प्राचार्य आत्मानंद उच्चतर माध्यामिक शाला एवं परीक्षा केंद्र प्रभारी युगल राजपूत द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में आय प्रमाण-पत्र बनवाने और एनएमएमएसई का फॉर्म भरवाने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। इस दौरान प्रत्येक संस्था से कक्षा 8वीं में अध्यनरत कम से कम 5 बच्चों का आवेदन जमा करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रशिक्षण में कम्प्यूटर शिक्षक शिफाली सोनी, निधि नायक, युगल किशोर राजपूत सहित समस्त प्रधान पाठक उपस्थित रहे।

## महिला बाल विकास अधीक्षक पद पर क्षेत्र की तीन प्रतिभाओं का चयन

**लोरमी।** छग लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में बाल देखरेख संस्था अधीक्षक के 141 साक्षात्कार हेतु वर्गवार-उपवर्गवार 47 पदों के लिए 11 मार्च को देर रात चयन सूची जारी की गई। इसमें लोरमी ग्रामीण अंचल के तीन होनहार युवक-युवतियों ने अपने परिश्रम से सफलता अर्जित की। साधारण परिवार की ग्राम बिठलदह की ममिता राजपूत पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर पिता रामकुमार राठौर रिटायर्ड शिक्षक एवं माता सुशीला बाई सहित शिक्षकों का नाम रोशन किया है। इसी तरह ग्राम खपरीकला के मेधावी उत्तरा कुमार यादव के पिता चुनुराम यादव खेती करते हैं। उत्तरा 102 एम्बुलेंस महतारी एक्सप्रेस में 2013 से 2023 तक पैरामेडिकल स्टाफ के रूप में कार्य कर चुके हैं। तीनो चयनित अभ्यर्थियों ग्रामीण अंचल से आते है, यह उपलब्धि माता-पिता के साथ पूरे क्षेत्र और समाज के लिए भी प्रेरणादायक है। मेहनत, लगन एवं समर्पण एवं प्रबल इच्छा शक्ति से सफलता मिली है।



# कार और पिकअप के बीच टक्कर, दो की हालत गंभीर

**सेतगंगा।** मुंगेली-फास्टरपुर राष्ट्रीय मार्ग पर ग्राम सिल्ली के पास बुधवार रात्रि लगभग 8 बजे भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। पंडरिया से मुंगेली की ओर आ रही तेज रफ्तार से स्विफ्ट और मुंगेली से पंडरिया की ओर जा रही पिकअप के बीच टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी हालत बहुत ही गंभीर बताई जा रही है। बताया जाता है कि, दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि, टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए काफी मशक्कत के बाद घायल युवकों को बाहर निकाले तत्पश्चात हादसे की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी और 112 को डायल कर दुर्घटना के संदर्भ में जानकारी दी। सूचना पर 112 और फास्टरपुर सेतगंगा पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद मुंगेली अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि, घटना को स्विफ्ट कार की तेज रफ्तार को घटना का मुख्य वजह माना जा रहा है। फास्टरपुर सेतगंगा थाना प्रभारी लक्ष्मण खूंटे ने मामले की विवेचना में जुट गई है।



# कल सीएम करेंगे लाखासार में गौधाम का शुभारंभ, अफसरों ने किया स्थल का निरीक्षण

**सकरी।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी 'गौधाम योजना' का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे 14 मार्च शनिवार को तखतपुर विधानसभा के ग्राम लाखासार में करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने गुरुवार को स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जाएजा लिया।

> ■ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने स्थल का लिया जाएजा

कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी रजनेश सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, एसडीएम नितिन तिवारी, सीईओ सत्यव्रत तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी मंडल अध्यक्ष द्वय रामकुमार निर्मलकर, रवि मेहर, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विनोद साहू, महामंत्री तुलसी कौशिक, सरपंच अलखराम निर्मलकर, उपसरपंच अनिल राजपूत, जलेश्वर जोगी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। गौधाम योजना का शुभारंभ तखतपुर विधानसभा में होने पर क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह ने बताया कि, लाखासार का गौधाम पूरे छत्तीसगढ़ में मॉडल के रूप में विकसित होगा। गौधाम के लोकार्पण कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो सके, इसके लिए प्रशासनिक अमला जुटा हुआ है।



### वर्ष 2026 के लिए स्थानीय अवकाश निर्धारित

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया है। उन्होंने आदेश जारी कर 14 सितम्बर सोमवार को गणेश चतुर्थी, 19 अक्टूबर सोमवार को दशहरा तथा 10 दिसम्बर गुरूवार को शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार उक्त तिथियों में कोषालय-उपकोषालय खुले रहेंगे।

### देयकों को स्वीकार करने की अंतिम तिथि 25 मार्च

**मुंगेली।** जिला कोषालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट से संबंधित देयकों को स्वीकार करने की अंतिम तिथि 25 मार्च निर्धारित की गई है। छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार उक्त तिथि तक ही कोषालय में देयक प्राप्त किए जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्त विभाग द्वारा वर्ष 20250-26 से संबंधित देयकों को कोषालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 मार्च तय की गई है। इसके साथ ही ई-संवितरण से संबंधित समस्त भुगतानों के लिए देयक स्वीकृति की अंतिम तिथि 30 मार्च निर्धारित की गई है। वित्त विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि, 25 मार्च 2026 के पश्चात यदि किसी प्रकरण में स्वीकृति या सहमति जारी की जाती है, तो ऐसे मामलों में उक्त प्रतिबंध लागू नहीं होगा। जिला कोषालय अधिकारी दुर्गेश सिंह राजपूत ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि, वे अपने सभी लंबित देयकों को निर्धारित तिथि से पूर्व अनिवार्य रूप से कोषालय में प्रस्तुत करें, ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों से अपील की है कि समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए सभी आवश्यक देयक समय पर जमा करें।

# सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, राष्ट्र सेवा का संकल्प है: कामड़ी

**सीपत।** देश के सर्वोच्च अर्धसैनिक बलों में से एक केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ द्वारा 3 मार्च से 10 मार्च तक देश भर की विभिन्न इकाइयों में सीआईएसएफ सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इसी कड़ी में सीआईएसएफ इकाई एनटीपीसी सीपत में भी पूरे सप्ताह विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

सप्ताह भर आयोजित कार्यक्रमों में सुरक्षा जागरूकता अभियान, सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता, बच्चों के लिए हथियारों का प्रदर्शन, वित्तीय प्रबंधन पर मार्गदर्शन, अंगदान जागरूकता, महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष सत्र, बाइक रैली तथा विभिन्न संस्थाओं के बीच मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिताएं प्रमुख रूप से आयोजित की गईं। इन गतिविधियों में सीआईएसएफ के जवानों के साथ-साथ एनटीपीसी के अधिकारी-कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुरक्षा सप्ताह का समापन 10 मार्च को भव्य परेड के साथ हुआ। परेड के दौरान सीआईएसएफ इकाई प्रभारी उप कमांडेंट कपिल सुधाकर कामड़ी ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि, सीआईएसएफ केवल औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की आर्थिक धड़कन की रक्षा करने वाला एक सशक्त प्रहरी है। हमारा हर जवान अनुशासन, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। सुरक्षा जागरूकता वह शक्ति है, जो किसी भी खतरे को समय रहते रोक सकती है। उन्होंने आगे कहा कि, सीआईएसएफ के जवान आधुनिक प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता और अदम्य साहस के बल पर देश की महत्वपूर्ण औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बल की राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त उपलब्धियों तथा इकाई के सुरक्षा लक्ष्यों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला और जवानों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर आयोजित परेड का नेतृत्व निरीक्षक के भास्कर ने किया। सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित सभी कार्यक्रम उप कमांडेंट अग्नि मोहन लाल एवं असिस्टेंट कमांडेंट राजकुमार के मार्गदर्शन और निगरानी में संपन्न हुए।



# लोक अदालत को सफल बनाने बैठक आयोजित

**मुंगेली।** नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला न्यायालय परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 14 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए रणनीति बनाने पर जोर दिया। विशेष रूप से राजस्व मामलों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं, पक्षकारों की सुविधा, न्यायालय परिसर में व्यवस्था तथा व्यापक प्रचार-प्रसार के विषय में भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जसविंदर कौर अजमानी मलिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कंचन लता आचला तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकार के लंबित और प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सहमति से त्वरित निराकरण किया जाता है, जिससे आम नागरिकों को शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्राप्त होता है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा करेगी आज ममता का पुतला दहन

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा 13 मार्च को दोपहर 12 बजे पुराना बस स्टैंड में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन जिलाध्यक्ष दीपक सिंह की अगवाई में किया जाएगा। ज्ञात हो कि देश की आदिवासी समाज की महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बंगाल दौरे के दौरान उनका अपमान किया गया था। इसके विरोध में यह पुतला दहन किया जा रहा है। इसमें भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता इस पुतला दहन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि यदुनंदन नगर निवासी अभिषेक श्रीवास पिता दशरथ श्रीवास (22 साल ) ने बुधवार की रात घर के बरामदे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। गुरुवार की सुबह घर वाले सोकर उठे तब उन्हें जानकारी हुई। बताया जाता है कि पूर्व में भी मृतक खुदकुशी करने की कोशिश कर चुका था। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी है।

### तेज आवाज में गाना दो डीजे वाहन जब्त

**बिलासपुर।** बारात के दौरान तेज आवाज में गाना बजाने पर पुलिस ने दो डीजे वाहनों को जब्त कर लिया है और संचालकों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई करने में लगी हुई है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि गुरुवार को शिकायत मिली कि शाम 4 बजे होटल पेट्रेशियन के पास बारात के दौरान तेज आवाज में डीजे में गाना बजाने से परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने में परेशानी हो रही है। पुलिस ने तत्काल मौके पर जाकर डीजे वाहन जब्त कर लिया है। एक घंटे बाद तिफरा मंडपम के पास तेज आवाज में डीजे बजाने की शिकायत मिली। पुलिस वहां भी पहुंची और डीजे सहित वाहन को जब्त कर लिया है। पुलिस ने मयूर डीजे संचालक गोड़पारा निवासी नितिन नागवानी, सोमू डीजे संचालक धौराभाठा निवासी पुष्पेन्द्र साहू के खिलाफ कोलाहल अधिनियम के कार्रवाई की जा रही है। ज्ञात हो कक्षा दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षा शुरू होने के पहले आईजी, एसपी ने सोशल मीडिया में तेज आवाज में गाना नहीं बजाने की अपील की थी। उसके बावजूद शादी पार्टी कार्यक्रम में तेज आवाज में डीजे में गाना बजाकर ठुमका लगाया जा रहा है।

### अनुकंपा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कार्यालय में अनुकंपा नियुक्ति के लिए प्राप्त 2 आवेदकों के आवेदन के छानबीन के क्रम में 7 दिवस के भीतर आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। यदि आवेदक के परिवार के कोई भी सदस्य यदि शासकीय सेवा में कार्यरत हो अथवा किसी प्रकार के अपराधिक या न्यायालीन मामले उनके विरूद्ध लंबित हो तो इसकी जानकारी उक्त समयावधि में बंद लिफाफे में या स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर जानकारी दे सकते हैं। कार्यालय में कार्यरत सकरी तहसील के बेलटुकरी निवासी स्व. शत्रुहन दास मानिकपुरी के के पुत्र निखिल मानिकपुरी एवं कोटा तहसील के डबरीपारा के स्व. बुधराम नायक के पुत्र रमेश कुमार ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है।

---

**सीयू प्रशासन का कारनामा**

**कई टीचिंग डिपार्टमेंट में एसोसिएट व असिस्टेंट प्रोफेसरों के अधीन कार्य कर रहे प्रोफेसर**

# सीयू में प्रोफेसरों की जगह एसोसिएट व असिस्टेंट को रेवड़ी की तरह बांट दिए एचओडी का पद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**अलग खबर**

प्रदेश के इकलौते सेंट्रल यूनिवर्सिटी गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी में सीनियर प्रोफेसरों के रहते हुए भी उनके जूनियर एसोसिएट व असिस्टेंट प्रोफेसरों को रेवड़ी की तरह विभागाध्यक्ष एचओडी का पद बांट दिया गया है। यूनिवर्सिटी के यूटीडी में कई टीचिंग डिपार्टमेंट में एसोसिएट और असिस्टेंट प्रोफेसरों के अधीन सीनियर प्रोफेसरों को कार्य करना पड़ रहा है।

बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ राज्य का इकलौता सेंट्रल यूनिवर्सिटी है जो सीधा केन्द्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय अंतर्गत संचालित होता है। इसमें आए दिन कोई न कोई नया कारनामा या विवाद सामने आते जा रहा है। बात-बात पर यूजीसी के नियमों और आर्डिनेश की दुहाई देने वाले इस सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कई मामलों में नियमों का पालन होते दिखाई नहीं देता। ऐसा ही मामला यूनिवर्सिटी के विभिन्न टीचिंग डिपार्टमेंट में विभागाध्यक्ष एचओडी के पद को लेकर सामने आया है। जहां सीनियर प्रोफेसरों की उपेक्षा कर अपने पसंदीदा कनिष्ठ प्राध्यापकों को एचओडी की कुर्सी पर बिठाया गया है। यूनिवर्सिटी में कुलपति एकेडमिक प्रमुख होते हैं और सेंट्रल यूनिवर्सिटी में तो कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल का खौफ शिक्षकों में इस तरह है कि कोई उनके निर्णय के आगे आवाज तक नहीं उठा सकता है बस दबे जुबान चर्चा में विरोध जताकर रह जाते हैं। यूनिवर्सिटी का एक हिन्दी डिपार्टमेंट ऐसा है जहां पर एक असिस्टेंट प्रोफेसर को एचओडी का प्रभार सौंप दिया गया है जबकि वहां सीनियर प्रोफेसर मौजूद हैं।

### इन टीचिंग डिपार्टमेंट में कनिष्ठ प्राध्यापकों को बनाया गया एचओडी

**केस 1** सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में पूर्व रजिस्ट्रार रह चुके और वर्तमान में डीएसडब्ल्यू सीनियर प्रो. शैलेन्द्र कुमार और डॉ. एमसी राव व डॉ. आरके चौबे हैं। इन्हें दरकिनार करते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आशीष पाराशर को एचओडी बना दिया गया था। यहां दो एसोसिएट एवं एक प्रोफेसर को किनारे करके असिस्टेंट प्रोफेसर को एचओडी बना दिया गया जो अब एसोसिएट प्रोफेसर हो गए हैं।

**केस 2** कामर्स डिपार्टमेंट में प्रो. भुवना वेंकटरामन, प्रो. बुधेश्वर सिंगरौल व प्रो. अशोक कुमार मिश्रा तीन सीनियर प्रोफेसर हैं। इन्हें बारी-बारी से एचओडी बना सकते थे, किन्तु तीन सीनियर प्रोफेसरों के रहते एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुंशी राम को एचओडी बनाया गया है।

**केस 3** यूनिवर्सिटी का बॉटनी डिपार्टमेंट में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुधीर कुमार पांडे को एचओडी बनाया गया है। श्री पांडे पहले ब्वायस हास्टल के वार्डन भी रह चुके हैं। बॉटनी डिपार्टमेंट में वर्तमान रजिस्ट्रार प्रो. अश्वनी कुमार दीक्षित सहित प्रो. एसके शाही, प्रो. डीके पटेल, प्रो. संतोष कुमार प्रजापति और स्वर्गीय प्रो. नरेन्द्र मिश्रा मिलाकर पांच प्रोफेसर थे। बावजूद इसके एसोसिएट प्रोफेसर श्री पांडे को एचओडी बनाया गया था।

**केस 4** यूनिवर्सिटी के सोशल वर्क डिपार्टमेंट जहां डॉ. सस्मिता पटेल एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर प्रतिभा जैन मिश्रा पदस्थ हैं वहां असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अर्चना यादव को एचओडी बनाया गया था बाद वे एसोसिएट प्रोफेसर बन गईं।

**केस 5** सेंट्रल यूनिवर्सिटी के इण्डस्ट्रीयल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में दो सीनियर प्रोफेसर एससी श्रीवास्तव एवं प्रो. एमके सिंह व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गणेश शुक्ला जैसे सीनियरों के रहते वर्तमान में पीएचडी कर रहे एसोसिएट प्रोफेसर सीपी देवांगन को एचओडी बनाया गया है।

**केस 6** यूनिवर्सिटी का एजुकेशन डिपार्टमेंट में प्रो. सीएस वझलवार को हटाकर एसोसिएट प्रोफेसर संबित पाढ़ी को एचओडी बना दिया गया था जो अब प्रोफेसर बन गए हैं। डिपार्टमेंट में दूसरे सीनियर प्रोफेसर सुजीत कुमार मिश्र भी पदस्थ हैं।

**केस 7** कंप्यूटर साइंस एंड इंफार्मेशन टेक्नालाजी डिपार्टमेंट में डॉ. रत्नेश श्रीवास्तव को हटाकर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पुष्पलता पुजारी को एचओडी बना दिया गया, जबकि सीनियर प्रोफेसर अमित कुमार सक्सेना भी डिपार्टमेंट में पदस्थ हैं।

### एचओडी पद को लेकर आर्डिनेस- 75 का उल्लंघन

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के वेबसाईट पर उपलब्ध यूनिवर्सिटी के आर्डिनेस- 75 का भी यूनिवर्सिटी में उल्लंघन हो रहा है। आर्डिनेस- 75 के प्रारूप में उल्लेखित विभिन्न नियम और उप नियम टीचिंग डिपार्टमेंट में एचओडी की नियुक्ति में मार्गदर्शन करता है। इसमें स्पष्ट है कि जिस डिपार्टमेंट में एक प्रोफेसर और एक एसोसिएट प्रोफेसर है वहां एचओडी का पद दोनों के बीच एक के बाद एक क्रम में रहेगा। जहां एक से ज्यादा प्रोफेसर हैं वहां एचओडी प्रोफेसर ही होंगे और जहां सिर्फ एसोसिएट प्रोफेसर हैं वहां एचओडी वहीं होंगे। लेकिन किसी भी परिस्थिति में डिपार्टमेंट का असिस्टेंट प्रोफेसर एचओडी नहीं हो सकता, तब की स्थिति में बिलकुल नहीं जब डिपार्टमेंट में प्रोफेसर कार्यरत है।

### अध्यादेश के अनुसार हो रहा काम

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजीसी और यूनिवर्सिटी के अध्यादेश के अनुसार ही काम हो रहा है। अध्यादेश में 75 में एचओडी पद का उल्लेख है, किन्तु उसमें परिस्थितियों के अनुसार कुलपति को एचओडी नियुक्त करने का अधिकार रहता है।

-**प्रो. मनीष श्रीवास्तव**, मीडिया प्रभारी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी

---

**भाजपा नेता द्वारा अफीम खेती करने का मामला**

# भाजपा कार्यालय का घेराव करने जा रहे कांग्रेसी व पुलिस के बीच धक्का-मुक्की





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुर्ग जिले के एक भाजपा नेता द्वारा अफीम की खेती करने का मामला सामने आने के बाद कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी मुद्दे को लेकर गुरुवार को जिला ग्रामीण व शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस वालों के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई। पुलिस प्रशासन द्वारा बीच रास्ते में टीन की ऊंची दीवार खड़ी कर बेरिकेटस लगा दिया गया था जिसके चलते कांग्रेसी भाजपा कार्यालय तक नहीं पहुंच पाएं।

दुर्ग जिले के समोदा गांव में भाजपा नेता द्वारा लगभग 9.50 एकड़ में अफीम प्रतिबंधित वस्तु की खेती करने का प्रकरण पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। बिलासपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय सिद्धांशु मिश्रा एवं महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर अफीम जैसे प्रतिबंधित सूखे नशे की खेती, बिना किसी सांठगांठ के मुमकिन ही नहीं। प्रदेश की जनता स्तब्ध है कि कैसे सुशासन का ढोल पीटने वाली भाजपा सरकार के नाक के नीचे उनके स्वयं के नेता, कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की जा रही है। अध्यक्ष द्वय ने कहा कि वर्तमान बीजेपी सरकार नशे को संरक्षण देकर प्रदेश के युवाओं को और उनके भविष्य को नशे में धकेलने का प्रयास कर रही है, जिसको बिलकुल बर्दास्त नहीं किया जाएगा। पूरी कांग्रेस पार्टी जिसके विरोध में बिलासपुर समेत पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों में बीजेपी कार्यालय का घेराव एवं जंगी प्रदर्शन कर रही है।

**आपस में भिड़े पुलिस व कांग्रेसी**

इसी कड़ी में आज बिलासपुर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित इस घेराव एवं प्रदर्शन में कांग्रेसजन पुराना बस स्टैंड, नगर निगम के कॉम्प्लेक्स के सामने बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और नारे लगाते हुए भाजपा कार्यालय की ओर कूच किए। लेकिन कश्यप कालोनी मोड़ के पास पुलिस बल पहले से तैनात थी और ऊंची टीन की दीवार खड़ी रास्ते में बेरिकेट्स लगा दी थी। पुलिस वालों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया जिस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस बल के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई।

पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य संवारने के बजाए सरकार युवाओं को नशे की ओर ढकेल रही है। कांग्रेस हर मोर्चे पर इस तरह के कृत्यों का विरोध करेगी।

आज के घेराव प्रदर्शन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, पूर्व शहर अध्यक्ष विजय पांडे, राजेंद्र शुक्ला, राजेंद्र साहू, अभयनारायण राय, प्रमोद नायक, पंकज सिंह, आशीष गोयल, शिल्पी तिवारी, संतोष गर्ग, हितेश देवांगन, साकेष मिश्रा, सुभाष ठाकुर, ऋषि पांडे, चित्रकांत श्रीवास गौरव ऐरी,सीमा घृतेष, पिंकी बत्रा, गजेंद्र श्रीवास्तव, अनिल पांडे, राहुल वाधवानी, साई भास्कर, राजा व्यास, बिहारी देवांगन, राहुल ठाकुर आदि उपस्थित थे।

---

## फर्जी एग्रीमेंट कराकर जमीन बेचने के नाम पर 2 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**■ जमीन दलाल पर धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज**

जमीन बेचने के नाम पर फर्जी एग्रीमेंट कराकर एक व्यक्ति से 1 लाख 95 हजार रुपए की ठगी करने वाले जमीन दलाल के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा विद्युत नगर कुशवाहा कालोनी निवासी निवासी चंद्रशेखर बंशकार पिता मुन्ना बंशकार ने रिपोर्ट लिखाई है कि एक साल पहले तिफरा निवासी शशि उर्फ आशीष तिवारी से उनकी जान पहचान हुई थी। उन्होंने बताया कि उनके मोहल्ले के अमील खान जमीन खरीदी बिक्री का काम करता है। वह सस्ते रेट में जमीन दिला देगा।

आमिल खान ने उन्हें यदुनंदननगर में 700 स्कावयर फीट का जमीन जिसका खसरा नम्बर 349/27 प.ह.न 61 दिखाकर 12 लाख 25 हजार रुपए में बेचने का सौदा किया। लोन दिलाने की बात कहते हुए 17 लाख रुपए एग्रीमेंट में लिखव भी लिया। उसकी बातों में आकर उन्होंने 20 हजार रुपए नकद, 1 लाख 70 हजार पंजाब नेशनल बैंक के चेक के माध्यम से 2 जुलाई 2025 को दिया था। 4 दिन बाद आमिल खान ने उनसे झूठ बोलकर चेक वापस किया और बोला कि उन्हें नकदी रकम चाहिए। रकम डूब मत जाए इसलिए उन्होंने 1 लाख 30 हजार रुपए व 45 हजार रुपए फोन पे के माध्यम से लिया। इसी बीच आनलाइन के माध्यम जमीन की जांच की गई तो पता चला कि उक्त जमीन दूसरे के नाम पर थी। पूछताछ करने में आमिल खान उन्हें गोलमोल जवाब देने लगा कि जमीन को उसने दूसरे को बेच दिया है। इस तरह से श्री बंशकार से 1 लाख 95 हजार रुपए की ठगी कर ली गई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर जमीन दलाल आमिल खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

## आटो चालक होली खेलते रहे, जालसाज ने 2 लाख रुपए करा लिए ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आटो चालक परिवार के साथ होली खेलने में मशगुल रह गए और जालसाज ने उनके मोबाइल को हैक कर यूपीआई के माध्यम से उनके बैंक खाते से 1 लाख 90 हजार 500 रुपए ट्रांसफर कर लिया है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार चांटीडीह निवासी बिहारी यादव ने रिपोर्ट लिखाई है कि वे सब्जी मंडी में माल वाहक आटो चलाने का काम करता है। आईडीबीआई बैंक शाखा अग्रसेन चौक में उनका व उनकी पत्नी रेखा यादव का ज्वाइंट बैंक खाता है। 6 मार्च को वे परिवार के साथ होली मनाने में मशगुल रहे। इसी दौरान जालसाजों ने उनका मोबाइल हैक कर दोहपर 1.25 बजे यूपीआई के माध्यम से उनके बैंक खाते से 95 हजार रुपए, उसके बाद शाम को 95 हजार 500 रुपए दूसरे बैंक खातों में ट्रांसफर कर आनलाइन ठगी कर लिया। उनकी बेटी शोभा यादव ने साइबर पोर्टल में शिकायत की थी। बैंक डिटेल निकालने पर जानकारी हुई कि यूपीआई के माध्यम से 95 हजार रुपए यश बैंक के खाताधारक कुलवंत कौर के बैंक खाते में व 95 हजार 500 रुपए बैंक आफ बड़ौदा के खाताधारक सुम फिलिग स्टेशन के बैंक खाते में जमा हुआ है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बैंक खाताधारक सुमन फिलिग स्टेशन व कुलवंत कौर के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## जुआ खेलते पकड़े गए 5 जुआरी, मुचलका में रिहा

**बिलासपुर।** पुलिस ने शराब दुकान के पीछे दबिश देकर जुआ खेलते 5 जुआरियों को पकड़कर गिरफ्तार कररते हुए मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है। सरकण्डा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चांटीडीह शनिचरी बाजार शराब दुकान के पीछे जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने शराब दुकान के पीछे घेराबंदी करते हुए जुआ खेलते नवीन सिंह, अरशद हुसैन, देवेन्द्र सिंह ठाकुर, नरविंद कुमार देवांगन, राकेश अरोरा को पकड़ लिया। उनके पास से 6 हजार 470 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर थाने से मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।

---

## एटीआर के अंदर ग्रामीण कर सकेंगे मोबाइल का उपयोग

**■ बीएसएनएल ने लगाया टॉवर, जल्द होगी शुरुआत**

**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में रहने वाले ग्रामवासी और स्टाफ-अफसरों को एक दूसरे से संपर्क करने में परेशानी हो रही है। इस परेशानी को दूर करने के लिए बीएसएनएल के मोबाइल टावर लगाने स्टेट वाइल्फ लाइफ से एप्रुवल मिलने के बाद अब केन्द्र सरकार की अनुमति भी प्राप्त हो गई है। प्रथम चरण की शुरूआत लोरमी बफर के चकदा, मंजूरहा और सरसोहा में की गई है। इसके उपरांत तीन गांव में भी टावर लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके शुरू होने के बाद ग्रामीणों के साथ अफसर और कर्मचारियों को भी काफी राहत मिल सकेगी।

अचानकमार टाइगर रिजर्व का क्षेत्र 914.07 स्क्वेयर किलोमीटर में बसा हुआ है, जिसमें करीब 24 गांव हैं। यहां सबसे अधिक समस्या बिजली और मोबाइल कवरेज को लेकर रहती है। गांव में बिजली के लिए विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अब तक लाइन बिछाने का काम नहीं हुआ है। यहां के रहवासी बिजली के लिए सोलर ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं। वहीं सेन्ट्रल जू आफ आथोरिटी और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के अनुसार किसी भी टाइगर रिजर्व में वन्यप्राणियों की सुरक्षा व संरक्षण को देखते हुए गांव बसाने की अनुमति नहीं है। इसे देखते हुए एटीआर प्रबंधन जंगल के अंदर बसे गांव का विस्थापन भी कर रही है।

### पांच स्थानों पर टॉवर

अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल एरिया और विस्थापित ग्रामीणों को आपसी संपर्क में परेशानी हो रही थी, जबकि जंगल में कर्मचारियों के आपसी संपर्क करने वॉकीटॉकी की सुविधा थी। वॉकीटाकी में भी कई बार परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसे देखते हुए सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्राम चकदा, मंजूरहा और सरसोहा सहित अन्य गांव मिलाकर पांच गांव में बीएसएनएल के टावर लगने से करीब 3000 से अधिक आबादी को मोबाइल नेटवर्क की सुविधा मिलेगी।

-**यू आर गणेश**, डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

## 8 हजार 818 इंजेक्शन, 20 हजार कफ सिरप, टेबलेट नष्ट



मादक पदार्थों के नष्टीकरण के दौरान मौजूद एसएसपी रजनेश सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी की उपस्थिति में थानों में जब्त मादक पदार्थ को जलाकर व इंजेक्शन, कफ सिरप, टेबलेट को रोलर चलाकर नष्ट किया गया।

11 मार्च को उच्च स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति के अध्यक्ष एसएसपी रजनेश सिंह, सदस्य पंकज कुमार पटेल, सहायक आबकारी आयुक्त नवनीत तिवारी, क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी व पंचान की उपस्थिति में मोहतराई स्थित सुधा बॉयो पॉवर प्राइवेट लिमिटेड के भट्ठी में जिले के थानों में जब्त गांजा 7 क्विंटल 57 किलो 603 ग्राम गांजा, 16.6 ग्राम एमडीएम को भट्ठी में जलाकर नष्ट किया गया है। इसके अलावा थानों मे जब्त 12 हजार 164 टेबलेट केप्सूल, 8 हजार 818 इंजेक्शन, 6 हजार 468 नग प्रतिबंधित कफ सिरप पर रोलर चलाकर नष्टीकरण किया गया है।

---

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## घर मालिक मार्निंगवाक पर गए, चोर ले उड़े 2 लाख का सामान

**बिलासपुर।** घर मालिक दरवाजे में ताला लगाकर मार्निंगवाक पर चले गए। वापस आए तो दरवाजा खुला मिला। अंदर जाकर देखा तो आलमारी खुली हुई थी। उसमें रखे 8 हजार रुपए नकद व भगवान के सोने की आंख सहित 2 लाख का सामान चोरी हो गया था। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।



चुचुहियापारा अन्नपूर्णा कालोनी निवासी डीबीएस प्रसाद ने बताया कि वे रोज की तरह सुबह 5 बजे सोकर उठे और बाहर से दरवाजे में ताला लगाकर चाबी स्कूटी की डिक्की में रखकर मार्निंगवाक पर चले गए। वापस घर लौटे तो दरवाजा खुला था और ताला खिड़की में लटका हुआ था। अंदर जाकर देखने पर कोई नहीं दिखा। बेडरूम का आलमारी खुला हुआ था। उन्होंने चेक किया तो उसमें रखे 80 हजार रुपए नकद व भगवान के सोने की आंख चोरी हो गई थी। उन्होंने बताया कि चोरों ने उनके घर से 2 लाख का सामान चोरी कर लिया है। श्री प्रसाद ने बताया कि हमेशा उनके घर में काम करने वाली नौकरानी स्कूटी की डिक्की से चाबी निकालकर घर में काम करने के बाद स्कूटी की डिक्की में चाबी रखकर चली जाती थी। उन्होंने नौकरानी पर चोरी करने का संदेह जताया है।

### भीख मांगने वाले के घर को भी नहीं छोड़ रहे चोर

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार वार्ड क्रमांक 23 मगरपारा निवासी पीलादास धृतलहरे ने रिपोर्ट लिखाई कि वह अपनी पत्नी फुलवा बाई के साथ रहता है और भीख मांगकर जीवन यापन करता है। 10 मार्च को दोनों पति-पत्नी घर के दरवाजे पर ताला लगाकर भीख मांगने खपरगंज चले गए थे। 11 मार्च को सुबह 5 बजे घर जाकर देखे तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी से एक जोड़ी चांदी का पायल, 500 रुपए चोरी हो गया था। खिड़की से अंदर घूस कर चोरी कर ली गई थी। इसी तरह मगरपारा अंबेडकर नगर निवासी राजकुमार मेश्राम के घर से चोरों ने उनके बहन का पर्स चोरी कर लिया है। पर्स में पायल व 15 हजार रुपए रखा हुआ था।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411